05/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली में बारह हजार दो सौ करोड़ रुपये से अधिक लागत की कईं विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाना और यात्रा सुगमता सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने साहिबाबाद आर.आर.टी.एस स्टेशन से न्यू अशोक नगर आर.आर.टी.एस. स्टेशन तक नमो भारत ट्रेन में यात्रा भी की। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी  क्षेत्र दिल्ली को भारत सरकार से एक महत्वपूर्ण उपहार मिला है। उन्होंने कहा कि यह नमो भारत ट्रेन विकसित भारत के शहरों में सार्वजनिक परिवहन के भविष्य को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस परियोजना के पूर्ण होने के बाद दिल्ली-मेरठ मार्ग पर यातायात में बहुत सुधार होगा। उन्होंने कहा कि देश का मेट्रो नेटवर्क अब एक हजार किलोमीटर हो गया है और यह उपलब्धि सराहनीय है।

0000000000000000000000

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्र सिंह ने आज घोषणा की कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने बुखार कम करने और दर्द से राहत प्रदान करने में व्यापक रूप से इस्तेमाल होने वाली पैरासिटामोल औषधि के उत्पादन के लिए एक स्वदेशी तकनीक विकसित की गई है।

नई दिल्ली में वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग के स्थापना दिवस के संबोधन में श्री सिंह ने कहा कि इस नवाचार का उद्देश्य इस औषधि को बनाने के लिए आयातित तत्वों पर निर्भरता कम करने और पैरासिटामोल के विनिर्माण में भारत को आत्मनिर्भर बनाना है। डॉक्टर सिंह ने असामान्य और विशिष्ट दवा-प्रतिरोधी बैक्टीरिया दोनों का इलाज करने के लिए भारत में पहली बार स्वदेशी तौर पर विकसित एंटीबायोटिक-नैफ़िथ्रोमाइसिन जैसी औषधियों की स्वदेश में निर्मित दवाईयों की एक श्रृंखला का भी उल्लेख किया।

0000000000000000000000

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा जारी डिजिटल निजी डेटा संरक्षण नियमों के मसौदे का उद्देश्य नागरिकों के निजी डेटा की सुरक्षा के अधिकारों की रक्षा करना है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि डिजिटल निजी डेटा की सुरक्षा के लिए एक मजबूत ढांचा बनाने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप इन नियमों के माध्यम से डिजिटल निजी डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023 लागू किया जाएगा। मसौदा नियम विभिन्न हितधारकों से ली गई व्यापक राय और वैश्विक सर्वोत्तम पद्धतियों के अध्ययन पर आधारित हैं। मंत्रालय ने कानून बनाने के लिए एक समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की सरकार की प्रतिबद्धता के अनुसार माई जीओवी प्लेटफॉर्म के माध्यम से 18 फरवरी, 2025 तक जनता और हितधारकों से मसौदा नियमों पर टिप्पणियां आमंत्रित की हैं।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के.टी. परनायक ने सी डोनी के शुभ अवसर पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह उत्सव हमारे राज्य की सांस्कृतिक विरासत और परंपराओं को मजबूत करता रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि तागिन जनजाति का सी-डोनी उत्सव एक जीवंत सांस्कृतिक और धार्मिक उत्सव है जो समुदाय की जीवन शैली में गहराई से समाया हुआ है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कामना की कि इस वर्ष का सी-डोनी उत्सव पूरे राज्य में शांति, समृद्धि और खुशियाँ लेकर आए।

0000000000000000000000

कृषि एवं बागवानी मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने कहा कि केवल जनसंख्या के आधार पर केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत धन आवंटित करना अरुणाचल प्रदेश के लिए हानिकारक है। इसके बजाय, उन्होंने एक ऐसे ढांचे की मांग की, जो राज्य के भूमि संसाधनों और किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों पर विचार करता हो। मंत्री ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में कृषि सुधारों पर एक महत्वपूर्ण चर्चा में यह बात कही। मंत्री ने राज्य की अनूठी कृषि जरूरतों के लिए एक व्यापक मामला पेश किया और अरुणाचल प्रदेश की विशिष्ट चुनौतियों और अवसरों पर बात की, कृषि क्षेत्र में सतत कृषि विकास को बढ़ावा देने के लिए सुधारों का प्रस्ताव रखा। उन्होंने सीएसएस के तहत मौजूदा फंडिंग संवितरण मॉडल में बदलाव का आह्वान किया, उन्होने कहा अरुणाचल प्रदेश जैसे भौगोलिक रूप से चुनौतीपूर्ण राज्य के लिए चार किस्तों में धन जारी करना अव्यावहारिक है।

0000000000000000000000

ईटानगर के सी-2 सेक्टर में यागामसो नदी पर कल सफाई अभियान चलाकर 12.96 टन कचरा हटाया गया। यूथ मिशन फॉर क्लीन रीवर द्‍वारा राजधानी पुलिस के सहयोग से अपनी "पुलिस अजीन" पहल के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलोनी कल्याण समिति के सदस्य, वार्ड 10 के आईएमसी पार्षद, वार्ड सदस्य और महिला पुलिस कर्मियों की एक बड़ी टुकड़ी शामिल थी। एसपी रोहित राजबीर सिंह ने सफाई अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया, उन्होने कहा कि इस पहल का उद्देश्य सभी क्षमताओं में समुदाय की सेवा करने के लिए राजधानी पुलिस की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करके नए साल का जश्न मनाना है।

0000000000000000000000

ईस्‍त सियांग जिले में गोद लिए गए स्कूलों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत अपने उद्देश्य और प्रतिबद्धता के रूप में, अरुणाचल प्रदेश सेवा पेंशनर्स एसोसिएशन, ईस्त सियांग इकाई ने अपने अध्यक्ष के नेतृत्व में जिले में तीन क्लस्टरों मेबो, बिलाट और रुक्सिन से एक-एक स्कूल का चयन कर स्कूल के बुनियादी ढांचे का नवीनीकरण और पुनरुद्धार किया। इस संबंध में कल सरकारी प्राथमिक विद्‍यालय टेकांग में एक बैठक भी आयोजित की गई।

0000000000000000000000